STEPPING STONE SCHOOL (HIGH)

CLASS: IX

Worksheet - IX

Subject: Hindi Language | **Date: 06-05-2020**

Topic: Comprehension | **Time Limit: 30 mins**

संसार के लोकतन्त्रात्मक देशों में संयुक्त राज्य अमेरिका का प्रमुख स्थान है। यहाँ के नागरिकों को समान अधिकार प्राप्त हैं और उन्हें अपने विचार व्यक्त करने की पूरी स्वतन्त्रता है, परन्तु लगभग डेढ़ सौ वर्ष पहले ऐसी बात न थी। उस समय अमेरिका में दास-प्रथा प्रचलित थी। ये दास अफ्रीका के मूल निवासी थे। इन्हें गोरे लोग जबरदस्ती पकड़कर ले आते और बाजारों में बेच देते थे। खरीदने वाले इन्हें इसलिए खरीदते थे कि कम से कम खर्च में इनसे अधिक से अधिक काम लिया जा सके। इन हब्शियों के साथ पशुओं के समान व्यवहार किया जाता था। इन्हें किसी प्रकार के अधिकार प्राप्त न थे। इस कुप्रथा का अन्त करने वाले थे अमेरिका के राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन। जिन्हें दासों को समान अधिकार और प्रतिष्ठा दिलाने के लिए अपने प्राणों की बलि देनी पड़ी।

लिंकन ने राष्ट्रपति बनने पर दास-प्रथा के अन्त का निश्चय कर लिया। इससे दक्षिण के राज्य अत्यन्त असन्तुष्ट हो गये। उन्होंने अपने आपको संयुक्त राज्य अमेरिका से अलग घोषित कर दिया। लिंकन को इससे बड़ी चिन्ता हुई। वे जानते थे कि देश तभी महान या शक्तिशाली बन सकेगा जब उत्तर तथा दक्षिण के समस्त राज्य संघ में रहेंगे। अतः संघ की रक्षा करना उन्होंने अपना कर्त्तव्य समझा। लिंकन यद्यपि शान्तिप्रिय थे तथापि दक्षिण को संघ में रखने के लिए उन्होंने युद्ध स्वीकार कर लिया। साथ ही दास-प्रथा को समाप्त करने के लिए 1 जनवरी, 1863 को ही लिंकन ने एक घोषणा की जिसके द्वारा यह प्रथा सदा के लिए समाप्त कर दी गई। गृह-युद्ध चार वर्ष तक चलता रहा। अन्त में लिंकन की विजय हुई। युगों की दासता का अन्त हुआ। सम्पूर्ण राष्ट्र एक सूत्र में बँध गया।

सन् 1865 में अब्राहम लिंकन दूसरी बार राष्ट्रपति चुने गये। उन्होंने देश में फैली हुई कटुता को दूर करने का निश्चय किया, किन्तु फिर भी लोग उनसे असन्तुष्ट ही रहे। इन्हीं में से एक विवेकहीन व्यक्ति ने 19 अप्रैल, 1865 को जब वे वाशिंगटन नगर में नाटक देख रहे थे, उन पर गोली चला दी जिससे उनकी मृत्यु हो गई। मानवता के हित में इसी प्रकार हमारे राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी को भी अपने प्राणों की आहुति देनी पड़ी थी।

प्रश्न—(i) डेढ़ सौ वर्ष पहले अमेरिका में कौन-सी प्रथा प्रचलित थी ?

(ii) अमेरिका के दक्षिणी राज्यों के असन्तुष्ट हो जाने का क्या कारण था ?

(iii) अमेरिका का गृह-युद्ध कितने दिनों तक चला और उसमें किसकी विजय हुई ?

(iv) अब्राहम लिंकन अमेरिका के दूसरी बार राष्ट्रपति कब बने ?

(v) मानवता के हित के लिए लिंकन को क्या मूल्य चुकाना पड़ा तथा महात्मा गाँधी की हत्या क्यों हुई ?